आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के कंडाघाट में आज दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला रखी। इस केंद्र के निर्माण पर 2 सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के साथ–साथ दिव्यांगजनो के लिए भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उत्कृष्टता केंद्र में 27 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संस्थान दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा व कौशल विकास से जुड़े पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केंद्र दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए प्रदेश में अपनी तरह का पहला केंद्र है और ये देशभर के लिए मॉडल बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के तहत करीब 15 करोड़ रूपए की लागत से महिलाओं के लिए कामकाजी छात्रावास का निर्माण भी किया जाएगा।

## धर्मशाला मामला

धर्मशाला स्थित राजकीय महाविद्यालय की पूर्व छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि घटना की आगामी जांच की जाएगी और संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग –यू.जी.सी. ने धर्मशाला में हुई घटना का कड़ा संज्ञान लिया है। यू.जी.सी. ने इसके लिए एक तथ्य–जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में यू.जी.सी. ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यू.जी.सी. ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बैंकों से गरीबों व कमज़ोर वर्ग की मदद को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। ऊना जिले में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के ठठल में युको बैंक की नई शाखा के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयकरण ने बैंकिंग सेवाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता से देश की बैंकिंग व्यवस्था सुदृढ़ और आम जनता की जमा पूंजी सुरक्षित हुई है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य में बीपीएल सूचियों से नाम काटे जाने की प्रक्रिया को गरीबों को योजनाओं से बाहर करने की साजिश बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बीपीएल चयन के लिए नए नियम बनाकर बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के आनन–फानन में सूचियों से नाम काटे जा रहे हैं। बिंदल ने कहा कि कुछ जिलों में कल जो बीपीएल सूचियां प्रकाशित हुई हैं उनमें करीब 90 प्रतिशत तक पुराने बीपीएल परिवारों के नाम गायब कर दिए गए हैं। उन्होंने तथ्यों सहित प्रभावित गरीब परिवारों के नाम भी सार्वजनिक किए हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र की सभी पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वे आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की बढ़ई पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बने पंचायत सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से उपर उठकर प्रदेश में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

युवा उत्सव

युवा सेवाएं व खेल विभाग द्वारा बिलासपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव आज संपन्न हो गया। इस उत्सव की लोक नृत्य स्पर्धा में शिमला जबकि लोक गायन में कांगड़ा जिला पहले स्थान पर रहा। समापन समारोह में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि युवा उत्सव प्रदेश के युवाओं को केवल सांस्कृतिक मंच प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का एक मजबूत आधार भी तैयार करता है।

---